दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 08

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छर्राटांगर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का किया वर्चुअल लोकार्पण

## 32 करोड़ से 14 एकड़ में तैयार हुआ है सर्व सुविधायुक्त कैंपस, 420 छात्राएं कर सकेंगी पढ़ाई

### छर्राटांगर से सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया कार्यक्रम में हुए शामिल

रायगढ़





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखंड के ग्राम छर्राटांगर में 32 करोड़ की लागत से नवनिर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण किया। सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया कार्यक्रम में छर्राटांगर से शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर कहा कि आदिवासी समाज के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराने के उद्देश्य से पूरे देश में एकलव्य संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। सर्वसुविधायुक्त ये संस्थान आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी योजनाएं जो लगातार लागू की जा रही हैं यह प्रमाण है कि आदिवासी समुदाय को विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर करना हमारी प्राथमिकता है। पीएम जनमन योजना से देश की विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं से समाज की मुख्य धारा में जोडऩे के लिए काम कर रहे हैं। वहीं आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से देश के जनजाति समुदाय शासन की योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ लें यह सुनिश्चित किया जाएगा।

सांसद राधेश्याम राठिया ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। आदिवासी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का लोकार्पण आज किया गया है। इससे जिले के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अर्जित कर सकेंगे। यहां उनके पढ़ाई-लिखाई और रहने-खाने से जुड़े सारे इंतजाम नि:शुल्क होगा। उन्होंने सभी पालकों से कहा कि अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं। शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है।

कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहद्रा राठिया, जनपद पंचायत सदस्य श्रीकांत राठिया, सरपंच गायत्री राठिया, नरेश पण्डा, गिरधर गुप्ता, राजेन्द्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, कन्हैया राठिया, जगतराम भोय, नरेश बेहरा, श्याम लाल मांझी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**स्वच्छता ही सेवा की ली गई शपथ, पीएम आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए-** कार्यक्रम में सांसद राधेश्याम राठिया ने उपस्थित जनों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। जिसमें सभी को अपने आस-पास स्वच्छता रखने, सफाई के लिए श्रमदान करने और दूसरों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत छर्राटांगर में पीएम आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। जिसमें हितग्राही मसतराम, गुरूवारी राठिया, लक्ष्मीन बाई यादव को यह स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही पीडब्लयूएल स्वीकृति पत्र भी हितग्राही संतोषी बाई, निर्मला राठिया, प्रेमबाई राठिया को प्रदान किया गया। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। आंचल स्व-सहायता समूह कोटरीमाल, गौरी रानी स्व-सहायता समूह बरौनाकुंडा, सरस्वती स्व-सहायता समूह घरघोड़ी एवं सीता स्व-सहायता समूह छर्राटांगर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**32 करोड़ से 14 एकड़ में तैयार हुआ है सर्व सुविधायुक्त कैंपस, 420 छात्राएं कर सकेंगी पढ़ाई-** छर्राटांगर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय 420 सीटर होगा। यहां कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक कक्षाएं संचालित होंगी। इसके लिए 32 करोड़ की लागत से 14 एकड़ में सर्व सुविधायुक्त कैंपस तैयार किया गया है। यह विद्यालय बालिकाओं के लिए है। यहां स्कूल बिल्डिंग के साथ हॉस्टल, किचन मेस के साथ खेल मैदान तैयार किया गया है। इस विद्यालय में अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई होगी। यह विद्यालय अभी व्यवस्था में खरसिया के चोढ़ा में संचालित है, जिसे अब नए भवन में शिफ्ट कर लिया जाएगा।

**सीबीएसई बोर्ड से अंग्रेजी मीडियम में नि:शुल्क पढ़ाई का मिलता है लाभ, चयन परीक्षा से होता है प्रवेश-** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं शत-प्रतिशत सहायता प्राप्त होते है। वर्तमान में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, (सीबीएसई) से सम्बद्ध उक्त आवासीय विद्यालयों में प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक/बालिकाओं हेतु कक्षा 6वीं से 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम से नि:शुल्क अध्ययन की सुविधा है। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु एक चयन परीक्षा का आयोजन कर मैरिट सूची तैयार की जाती हैं, जिसके आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालन का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिकाओं के लिए आवासीय शिक्षण संस्थाएँ संचालित करने के साथ इन संस्थाओं में अध्यनरत बालक एवं बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक, शारीरिक तथा सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास की गतिविधियां को बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाना है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसीबी के छापों के बाद आईएएस कोटा संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय को सरकार किया एपीओ

**जयपुर (आरएनएस)।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में आईएएस कोटा संभागीय आयुक्त राजेंद्र यादव को सरकार ने तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार सुबह ही आईएएस राजेंद्र विजय के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की जो अब तक जारी है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर सरकारी तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 25 सितंबर को कोटा संभागीय आयुक्त के पद पर बैठने वाले विजय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर यह छापा मारा गया है, जो न केवल उनके प्रशासनिक करियर बल्कि सरकार की पारदर्शिता के दावों पर भी बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। आपको बता दें कि राजेंद्र विजय को इससे पहले जयपूर में रुडसिको में कार्यकारी निदेशक पद पर लगाया था, लेकिन ज्वाइनिंग के पांच दिन बाद ही कोटा तबादला कर दिया है। कोटा में ज्वाइनिंग के पांच दिन ही उनके आवास पर एसीबी ने छापा मार दिया।

### योगी सरकार का आदेश, अयोध्या में नौ दिनों तक मांस की बिक्री पर रोक

**अयोध्या (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में नवरात्रि को लेकर नौ दिनों तक मांस और मदिरा बिक्री पर पाबंदी लगा दी है। योगी सरकार का यह आदेश तीन से 11 अक्टूबर तक प्रभावी रूप से लागू रहेगा। आदेश के अनुसार अयोध्या जनपद में मांस की बिक्री पर रोक है और अगर ऐसा किया जाता है, तो उसके ऊपर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी अप्रिय घटना ना घटे।

### विवादों को भूल गोविन्दा को देखने अस्पताल पहुंचीं कश्मीरा शाह

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉलीवुड एक्टर और शिवसेना नेता गोविंदा आज सुबह दुखद घटना का शिकार हो गए। गोविंदा को गोली लगी है। गोविंदा को ये गोली अचानक ही गलती से लगी, वो भी ठीक उस वक्त जब वो घर से निकलने की तैयारी में थे। उनके हाथ से बंदूक नीचे गिरी और गोली चल गई। ऐसे में एक्टर का बाया पैर घायल हो गया। इसके बाद उन्हें पास के क्रिटि केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल प्राथमिक इलाज के बाद एक्टर की हालत में सुधार है। उन्होंने बयान जारी कर बताया कि गोली निकाल दी गई है। इस घटना की खबर मिलते ही गोविंदा की बहू कश्मीरा शाह उन्हें देखने के लिए अस्पताल पहुंच गई हैं। इसका वीडियो भी सामने आया है। जी हां, तमाम पारिवारिक विवादों को भुलाकर बुरे वक्त में कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा शाह अपने मामा ससुर को देखने के लिए अस्पताल पहुंची हैं। सामने आए वीडियो में उन्हें अस्पताल में अंदर एंट्री लेते देखा जा सकता है। मीडिया और कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीरा शाह अकेले ही अंदर जाती नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस के पति उनके साथ नजर नहीं आए। कश्मीरा के इस कदम की सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे बुरे दौर में ही अपनों का पता चलता है। कश्मीरा सभी मनमुटाव को भूलकर अपने मामा ससुर का हाल जानने पहुंची हैं। बता दें, गोविंदा कोलकाता जाने के लिए तैयारी कर रहे थे। वहां के लिए निकलने से पहले वो पैकिंग कर रहे थे। कपड़े रखते हुए ही उनकी बंदूक नीचे गिरी और उनके पैर के निचले हिस्से में गोली लग गई। इस दौरान उनका नौकर मौजूद था। एक्टर का काफी खून बह चुका था, जब उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी बेटी टीना अस्पताल में मौजूद हैं। पुलिस भी इस घटना के बाद मौके पर पहुंची, बंदूक को कब्जे में ले लिया गया है और मामले की जांच जारी है। वहीं दूसरी ओर गोविंदा की हालत स्थिर हैं और उन्हें जल्द अस्पताल से छुट्टी भी मिल सकती है।

# पुणे में उड़ान भरते की क्रैश हुआ हैलीकॉप्टर, 2 पायलट समेत तीन लोगों की मौत

**पुणे । आरएनएस**



महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवड शहर के बावधन बुद्रुक गांव के पास बुधवार को एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर क्रैश होकर गिरने की सूचना हिंजेवाडी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम को बताया गया कि हेलीकॉप्टर में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और मेडिकल टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई।

हालांकि, ताजा जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार तीनों व्यक्तियों की मौत हो गई है। जब यह हादसा हुआ, तब यह हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ रिसोर्ट से मुंबई की दिशा में जा रहा था। पिंपरी चिंचवड पुलिस आयुक्तालय के हिंजेवडी पुलिस हद्द के बावधन इलाके में पहाड़ पर हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की यह घटना घटी। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मचा दिया। जिस स्थान पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना में 2 पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई है।

# राजस्थान के कई रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी, जैश-ए-मोहम्मद के नाम से मिली चिट्ठी; मचा हड़कंप

**हनुमानगढ़ । आरएनएस**



राजस्थान के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की खबर सामने आई है। इसके बाद पुलिस और प्रशासन में हडक़ंप मच गया। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा और बढ़ा दी है। रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी भरी चिट्ठी हनुमानगढ़ जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक को मिली। इस चिट्ठी में रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

हनुमागढ़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक को बुधवार सुबह एक अज्ञात शख्स एक चिट्ठी सौंपकर चला गया। स्टेशन अधीक्षक ने जब चिट्ठी खोलकर पढ़ी तो उनके होश उड़ गए। यह चिट्ठी जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के नाम से थी और इसमें हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित राजस्थान के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

इस चिट्ठी में श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर आदि रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन में हडक़ंप मच गया। बीएसएफ जवानों ने जीआरपी और आरपीएफ पुलिस के साथ स्टेशन की तलाशी ली मगर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# दिल्ली पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग गैंग की तोड़ी कमर, दो हजार करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिल्ली के महिपालपुर में पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम थाई मरुआना जब्त किया है।

इस ऑपरेशन में दिल्ली पुलिस के विशेष सेल ने लगभग दो हजार करोड़ रुपये के हेरोइन और अन्य ड्रग्स जब्त किये हैं। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी तुषार गोयल वसंत विहार का निवासी है और दिल्ली में कोकीन का प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर है। उसके दो सहयोगी, हिमांशु और औरंगजेब भी इस रैकेट में शामिल हैं, जिन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, तुषार गोयल के पिता का पब्लिकेशन का व्यवसाय है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि तुषार गोयल मुंबई से 15 किलोग्राम कोकीन की आपूर्ति करने के लिए भारत में मुख्य रिसीवर भरत जैन से मिलने वाला था। कार्रवाई के दौरान उसे गिरफ्तार करते समय कोकीन का यह बड़ा जखीरा महिपालपुर एक्सटेंशन के एक गोदाम से बरामद किया गया। इस ड्रग्स की जांच में नार्को टेरर का कोई एंगल नहीं पाया गया, लेकिन यह स्पष्ट है कि तुषार गोयल क्रिप्टो करेंसी में भुगतान करता था।

पुलिस ने कई सूचनाओं के आधार पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, और कहा कि यह हाल के दिनों में कोकीन की सबसे बड़ी खेप है। इस मामले में आगे की जांच जारी है, जिसमें ड्रग्स के अन्य लिंक और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल कमिश्नर प्रमोद कुशवाहा ने आईएएनएस को बताया, यह एक विशेष सेल की टीम है, जिसे डीसीपी अमित कौशिक द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है, जिसने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट को पश्चिम एशिया से एक हैंडलर द्वारा नियंत्रित किया जा रहा था। इसके अलावा, कुर्ला, मुंबई से आए रिसीवर भरत जैन को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम थाई मरुआना बरामद किया गया है।

कुशवाहा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कोकीन की कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि मरुआना की कीमत 40 से 50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है। यह रैकेट कुछ समय से पुलिस की निगरानी में था। केंद्रीय खुफिया एजेंसी से मिली जानकारी के आधार पर, पिछले चार महीने से गिरोह पर नजर रखी जा रही थी।

उन्होंने आगे बताया, दिल्ली पुलिस को गृह मंत्रालय का स्पष्ट निर्देश है कि वह नशे के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करे, क्योंकि ड्रग्स समाज के लिए एक बड़ा खतरा हैं। इस रैकेट का मुख्य नियंत्रक दुबई से ऑपरेट कर रहा है।

# अब रेलवे पटरी पर मिला अग्निशामक सिलेंडर, रेल कर्मचारियों में मची अफरा-तफरी; छानबीन शुरू

**कानपुर । आरएनएस**

कानपुर देहात में बुधवार सुबह अबिंयापुर रेलवे स्टेशन के पास डाउन रेल पटरी पर एक अग्निशामक गैस सिलेंडर पाया गया। इटावा से कानपुर की ओर जा रही एक मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी, जिससे हडक़ंप मच गया।

मालगाड़ी के चालक ने अंबियापुर स्टेशन के डाउन प्लेटफॉर्म पर खंभा नंबर 1070/18 के बीच सिलेंडर को देखा। चालक ने तुरंत वाकी-टाकी के जरिए स्टेशन मास्टर नौशाद आलम को जानकारी दी। इसके बाद, रेलवे कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्टेशन मास्टर ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और जीआरपी झींझक को सूचना दी। जीआरपी चौकी प्रभारी अर्पित तिवारी, आरपीएफ थाना प्रभारी रजनीश राय, और आरपीएफ चौकी प्रभारी खजानसिंह घटनास्थल पर पहुंचे और सिलेंडर को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया कि सिलेंडर के किसी ट्रेन से गिरने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन अन्य सभी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने लोगों का किया धन्यवाद

**नई दिल्ली । आरएनएस**



स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने अभियान की सफलता के लिए लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक जन आंदोलन बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छता की सेवा में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व उपराष्ट्रपति ने भी योगदान दिया है, जिसने देश को एक बड़ी प्रेरणा दी है। इस काम के लिए मैं राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति महोदय का भी हृदय से अभिनंदन और धन्यवाद करता हूं। देश भर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं और लोग अपने गांव, शहर, मोहल्लों और सोसायटियों में सफाई कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम का हिस्सा बने हैं और इसका नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले पखवाड़े में देशभर में करोड़ों लोगों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लिया था। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेवा पखवाड़े के 15 दिनों में देश भर में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की गई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वाटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। उन्होंने नमामि गंगे परियोजना और कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोवर्धन प्लांट के काम का भी उल्लेख किया, जो स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि स्वच्छ भारत अभियान इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सफल जन भागीदारी वाला जन आंदोलन है। उन्होंने इसे जन नेतृत्व वाला आंदोलन करार दिया और कहा, इस मिशन ने मुझे ईश्वर रुपी जनता जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के दर्शन कराए हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोग एक साथ सफाई करने के लिए जुटे। हर जगह स्वच्छता का संदेश छा गया। किसी ने अपनी बकरियां बेचकर, तो किसी ने अपना मंगलसूत्र बेचकर शौचालय बनवाने का काम किया। किसी ने अपनी जमीन दान की और किसी ने अपनी पेंशन स्वच्छता के लिए समर्पित की।

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को स्मरण किया।राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शीर्ष पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सम्पूर्ण जीवन हमें सरलता और अहिंसा की सीख देता है। उनके अनमोल विचार हम सभी को सदैव सन्मार्ग प्रदर्शित करते रहेंगे। उन्होंने कहा हमें उनके आदर्शों को अपने व्यवहार और आचरण में उतारने की जरूरत है।राज्यपाल ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद करते हुए कहा उनकी सादगी और ईमानदारी सबके लिए प्रेरणा है। उन्होंने शास्त्री जी के प्रसिद्ध नारा जय जवान, जय किसान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी सादगी और निष्ठा के आदर्शों का प्रतीक है। इस मौके पर आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।